प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मॉनसून सत्र

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होने जा रहा है जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। केन्द्र सरकार ने मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। राज्यसभा में सदन के नेता और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया गया। मॉनसून सत्र के दौरान जन विश्वास संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की संभावना है।

बिंदल

प्रदेश में ग्रुप–ए से लेकर ग्रुप–सी तक की नई भर्तियों को ट्रेनी के रूप में करने के फैसले को भाजपा ने युवाओं के साथ बड़ा धोखा करार दिया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने पक्की नौकरी देने के वायदे किए थे लेकिन सरकार इन्हें पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेरोज़गारों का मज़ाक बना कर रख दिया है।

मण्डी ज़िले में आई आपदा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 20 दिन बाद भी सिराज विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं कर पाई है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम मण्डी ज़िले के तीन दिवसीय दौरे पर है। इस टीम ने आज थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायज़ा लिया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केन्द्रीय दल के सदस्यों को आपदा से हुए नुकसान के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान स्थानीय विधायक व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। इससे पहले केन्द्रीय टीम ने कल शाम मण्डी में ज़िला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा में हुए नुकसान और राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। इस आपदा में ज़िले में आरंभिक तौर पर सार्वजनिक व निजी संपत्ति को 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान आंका गया है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घण्टों से रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लोग लापता हैं। प्रदेशभर में भूस्खलन से एक सौ 46 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 28 बिजली लाईनें और 58 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल की रावीं पंचायत में आज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

..........................................